हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

### पार्क और टूरिस्ट प्लेस में भी बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

# मंदिरों में साल के पहले ही दिन सुबह से उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नववर्ष की एक अच्छी शुरूआत के लिए आज सुबह से ही शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। वर्ष 2026 के पहले सूर्योदय के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा। शहर के मां पाताल भैरवी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर यहां तीन लोक में विराजित शिवलिंगाकार मंदिर में पाताल लोक में मां पाताल भैरवी, भू-लोक में मां राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या और आकाश लोक में भगवान शिव के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंगों का दर्शन लाभ लिया।

नववर्ष के अवसर पर मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने वर्ष 2026 को लेकर मंगल कामनाएं की। यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने कहा कि नए वर्ष की पहली सुबह मां पाताल भैरवी के दर्शन से हो इसकी इच्छा थी, इसलिए वह सबसे पहले यहां पहुंचकर माता के दर्शन करते इस वर्ष को अच्छे से बिताने और परिवार में सुख-समृद्धि, शांति आने को लेकर प्रार्थना की। मां पाताल भैरवी मंदिर के पुजारी महामंडलेश्वर गोविंद महाराज ने बताया कि प्रतिवर्ष नववर्ष के अवसर पर हजारों श्रद्धालु यहां माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि नववर्ष सभी के जीवन में मंगलमय हो, इसका आशीर्वाद यहां से मिलता है।





### बड़ी संख्या में युवा भी पहुंचे

नए साल के पहले दिन जहां मंदिरों में भारी संख्या में भक्त पहुंचे थे। खासबात यह रही कि इनमें अधिकांश भक्त युवा वर्ग से थे। मंदिरों में देखने को मिला कि सुबह से ही युवा अपने साल की शुरुआत आस्था के साथ करने के लिए मंदिर पहुंचे हुए थे।

### पुलिस टीम भी रही तैनात

इधर नए साल को देखते हुए धार्मिक स्थलों में भी पुलिस की टीमें तैनात रही। इसके अलावा जिले के टुरिस्ट स्थानों पर भी पुलिस के जवानों की उपस्थिति बनी हुई थी। जिससे किसी भी प्रकारके अप्रीय हालत से तत्काल निपटा जा सकें। ज्ञात हो नए साल के पहले दिन जहां धार्मिक स्थलों में लोग पहुंचे थे। वहीं सूखानाला, मोंगरा बैराज सहित मोहारा स्थित ऑक्सीजोन में भी बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार एवं दोस्तों के साथ उत्साह मनाने के लिए पहुंचे हुए थे।

### देवस्थलों से वर्ष की शुरूआत काफी सुखद

शहर की कुलदेवी मां शीतला के मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पहली सुबह के साथ माता के दर्शन लाभ लिया। मंदिर के पुजारी राज दुबे ने कहा कि नववर्ष की शुरूआत देव स्थलों से करने काफी संख्या में श्रद्धालु अपने परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि हिंदू नववर्ष चैत नवरात्रि से प्रारंभ होता है, लेकिन इस नववर्ष में भी लोगों का काफी उत्साह बना हुआ रहता है। उन्होंने कहा कि देव स्थलों से नववर्ष की शुरूआत होना काफी सुखद है।

### आसपास जिले से भी पहुंचे

सिद्ध शक्तिपीठ मां पाताल भैरवी मंदिर में नववर्ष की शुरूआत के लिए राजनांदगांव सहित दुर्ग, भिलाई, गोंदिया, रायपुर और आसपास क्षेत्र से श्रद्धालु यहां सुबह से ही दर्शन के लिए पहुंच गए। मां पाताल भैरवी के दर्शन के बाद लोगों ने अपने नववर्ष की शुरूआत करते अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पूजा-अर्चना की। नए साल के पहले दिन बड़ी संख्या में लोग मंदिर तक पहुंचे थे।






## खबर संक्षेप



### घासीदास जयंती मनी

**सड़क अतरिया।** ग्राम कुकुरमुडा में बुधवार को समाज एवं ग्रामीणों ने गुरू घासीदास जयंती उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, सभापति डोमार सिंह भेड़िया, सरपंच संतोष यदु, राजकुमार साहू शामिल हुए। अतिथियों ने घासी दास के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया। जैत खाम पर ध्वजारोहण किया। अतिथियों ने बाबा के आदर्श, समर्पण, विचार, सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने प्रेरित किया।

### समाज को संगठित करने पर जोर



**डोंगरगढ़।** परिक्षेत्रीय साहू समाज चारभाटा की बैठक में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू शामिल हुए। बैठक में उन्होंने बताया कि आगामी सात जनवरी को राजिम महोत्सव का आयोजन राजिम में होना। उन्होंने सामाजिक जनों से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने कहा। श्री साहू ने कहा कि पदाधिकारी एक बात है और बनने के बाद जमीन स्तर पर कार्य करना कठिन है लेकिन समाज को संगठित करना सबका कर्तव्य है इसलिए तहसील स्तर पर पारिवारिक संगोष्ठी प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमें प्रत्येक परिवार से मिलने का अवसर मिलेगा। इस संगोष्ठी के माध्यम से हमें युवक युवतियों के साथ बैठने का अवसर प्राप्त होगा। बैठक में कमलेश साहू, हनुमानदास साहू, रोहित साहू, उभेराम साहू, महेतरु साहू, विजय साहू, अशोक साहू, रोहित साहू, अश्वनी साहू सहित अन्य शामिल हुए।

### कैम्पस प्लेसमेंट 5 को

**मोहला।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंबागढ़ चौकी में युवाओं के लिए आगामी 5 जनवरी को कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है। इस प्लेसमेंट का आयोजन परिश्रम बीसीएल समूह प्रा. लि. रायपुर के माध्यम से जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. रायपुर के लिए किया जा रहा है जिसमें योग्य प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। कैम्पस प्लेसमेंट में वर्ष 2020 से 2025 तक उत्तीर्ण शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रशिक्षणार्थी पात्र होंगे। इसमें विद्युतकार व्यवसाय के साथ-साथ फिटर, वेल्डर, डीजल मैकेनिक, टर्नर/कोण एवं अन्य ट्रेड साथ ही डिप्लोमा तथा 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण उम्मीदवार भी शामिल हो सकते हैं।

### मंदिरों में उमड़े लोग, पिकनिक स्पाट भी रहे गुलजार, कई जगहों पर गीत-संगीत का आयोजन

# देवी की भक्ति के साथ नए साल की शुरूआत







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नए साल के पहले दिन मां बम्लेश्वरी के दरबार सहित चंद्रगिरि तीर्थ, प्रज्ञागिरि में बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे। वहीं आसपास के बांध में पिकनिक मनाने वाले लोगों की भीड़ देखने मिली।

साल के पहले दिन लोगों ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के अलावा करेला भंडारपुर मंदिर में जाकर देवी दर्शन किया। लोगों ने पनियाजोब जलाशय, हाजराफाल में उपस्थिति दर्ज कराकर नये साल का आनंद उठाया। 31 दिसंबर की शाम से लोगों का आना शुरू हो गया था। एक जनवरी तक लगभग 1 लाख दर्षनार्थी पहुंचे। सुबह आठ से दोपहर 2 बजे तक लगभग 70 हजार दर्षनार्थियों ने मां बम्लेश्वरी के दरबार पहुंचकर देवी दर्शन किया। देर रात तक यहां आने वालों की संख्या में और बढ़ेगी।

#### दर्शनार्थियों की संख्या घटी

आंकड़ों के अनुसार इस बार मां बम्लेष्वरी के मंदिर में लगभग 50 हजार दर्षनार्थी कम आए। माना जा रहा है कि नये साल के पहले सप्ताह में लगभग 3 लाख दर्शनार्थी पहुंच सकते है।

#### डंगबोरा जलाशय में सफाई अभियान



पिकनिक स्पॉट के रूप में प्रसिद्ध डंगबोरा जलाशय पर प्रतिदिन 4 से 5 सौ लोगों का आना जाना रहता है। शनिवार, रविवार तथा छुट्टी के दिन हजारों में पर्यटक यहां पहुंचकर पिकनिक स्पॉट का आनंद लेते हैं जिसे ध्यान में रखते हुए ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने साथियों के साथ जाकर साफ सफाई किया। सफाई अभियान में कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, दीनूराम पड़ोती सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

#### देर रात तक सजी सुरों की महफिल



**डोंगरगांव।** चालू साल की बिदाई और आने वाले साल के स्वागत में शहर संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 31 दिसंबर को गरबा मैदान में देर रात तक सुरीले सुरों की सरि ता प्रवाहित होते रही। साल 2025 की बिदाई और आगम वर्ष 2026 के स्वागत को यादगार बनाने के लिए राम इंटरप्राइजेस के सहयोग से शहर में संगीतमय ए शाम मस्तानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वरूपचंद जैन, व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामकिशन महेश्वरी, दिलीप नाहटा सहित शहरवासियों ने ठंड के बाद में शिरकत करते हुए गीत संगीत का आनंद उठाया। वहीं आदित्य भट्ट, अशोक देवांगन, राहुल सोनवानी, योगेश जैन, सिद्धांत गोस्वामी, अंशुमन, महेन्द्र मानिकपुरी, सावित्री देवांगन, सफीर अहमद, शिव सोनी, प्रियंक जैन, प्रणय सोनी, शशांक खोब्रागढ़े, उज्जवल गुप्ता, आध्या जैन, विमल शर्मा, आशीष जैन, संतोष चक्रधारी, कृष्णकुमार दुबे आदि ने नए- पुराने गीतों की प्रस्तुति दिया।

#### वनांचल में नए साल का स्वागत

**खड़गांव।** गुजरते साल की बिदाई और नए साल का क्षेत्र में ज़ोर शोर से स्वागत किया गया। इस मौके पर नए वर्ष में कुछ नया करने पर विचार किया गया। नए वर्ष के पहले दिन तहसील आफिस को नई जगह पर स्थानांतरित किया गया। इस मौके पर आमजन, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। समाजसेवी नीलिमी जैन ने अपनी सुपुत्री का जन्मदिन पर स्कूलों में जाकर मिठाई वितरण किया। उन्होंने छात्र छात्राओं से पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। क्षेत्र के बच्चों ने पिकनिक स्पॉट में जाकर नए वर्ष का स्वागत किया। वहीं कुछ लोगों ने मंदिर में जाकर दर्शन किया। कुछ बच्चों ने खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया।

#### चोरड़ाधाम में रही रौनक

**सड़क अतरिया।** अंचल का प्रमुख धार्मिक स्थल चोरड़ाधाम में गुरूवार को नए वर्ष के मौके पर पर्यटकों से गुलजार रहा। सुबह से यहां लोगों से रौनक रही। क्षेत्र सहित दूर दराज के लोग यहां नव वर्ष मनाने पहुंचे थे। काफी लोगों ने साल के पहले दिन जल कुंड में स्नान कर डोंगेश्वर महादेव की पूजा अर्चना किया। शिव भक्तों शिवलिंग पर जल अभिषेक कर दूध, फल, फूल, धतुरा, बेल पत्र आदि अर्पण कर आशीर्वाद लिया। कुछ लोगों ने शीतल जल कुंड में स्नान कर शिव की अराधना किया।

#### कच्ची सड़क से परेशानी

चोड़राधाम पहुंचने के लिए बनी कच्ची सड़क ने लोगों को परेशानी में डाला। ज्ञात हो कि साल्हेवारा नर्मदा मार्ग से चोड़राधाम को जोड़ने वाली सड़क का पक्की करण की मांग लगातार हो रही है। लंबे समय से इस मार्ग को पक्का बनाने का आश्वासन मिल रहा है किन्तु अब तक जस के तस है। इस मार्ग पर अनगिनत गड्डा है।

# धान उठाव में आई तेजी, किसानों को मिली राहत

## अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई जारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से की जा रही है। जिले में अब तक 21284 किसानों से 10 लाख 92 हजार 146 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। धान उठाव में तेजी लाने के लिए जिला प्रशासन ने 7 राइस मिलों का पंजीयन किया गया है। इन राइस मिलों के माध्यम से 1 लाख 49 हजार 860 क्विंटल धान के डीओ जारी किए गए, जिसमें से 1 लाख 14 हजार 980 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। धान की लगातार आवक को देखते हुए संग्रहण केन्द्र सेवताटोला में 31 हजार क्विंटल धान के संग्रहण हेतु परिवहन आदेश जारी किया गया है। जिले में खरीदे गए धान के शीघ्र निराकरण के लिए अंतर-जिला मिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

#### रकबा का समर्पण

धान बिक्री करने वाले किसानों में से 11824 किसानों ने 4772.12 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया है। रकबा समर्पण से कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान बिक्री पर प्रभावी रोक लगेगी, जिससे जिले के वास्तविक किसानों से ही उत्पादित धान की खरीदी होगी। कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध धान व्यापार के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। अब तक 35 प्रकरणों में 1891 क्विंटल धान जप्त किया जा चुका है। यह कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

# फेक ऐप से पेमेंट का झांसा, दो नाबालिग पकड़ाए

- दुकानदारों को लगा रहे थे चूना
- शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

तकनीक के दौर में जहां डिजिटल लेनदेन आसान हुआ है, वहीं शातिर ठगों ने छोटे व्यापारियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। गंडई में फर्जी ऑनलाइन भुगतान का झांसा देकर ठगी करने वाले दो नाबालिग लड़कों को व्यापारियों की तत्परता और पुलिस ने पकड़ा है।

जानकारी के अनुसार गंडई के दो व्यापारियों ने थाने में टेलीफोनिक शिकायत दर्ज कराई कि दो लड़के उनकी दुकान पर पहुंचे और सामान खरीदने के बाद ऑनलाइन भुगतान करने का दावा किया। लड़कों ने बड़ी चालाकी से अपने मोबाइल स्क्रीन पर सक्सेसफुल पेमेंट का मैसेज दिखाया, जिसे देखकर दुकानदारों ने उन्हें जाने दिया किन्तु जब व्यापारियों ने बैंक बैलेंस चेक किया, तो पता चला कि खाते में राशि जमा नहीं हुई थी। धोखाधड़ी का अहसास होते ही दुकानदारों ने पीछा कर दोनों लड़कों को धर दबोचा और पुलिस को सूचना दी।

#### फेक एप का उपयोग

गंडई पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर दोनों लड़कों को हिरासत में लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पकड़े गए दोनों आरोपी नाबालिग और नजदीकी गांवों के रहने वाले हैं। उनके पास से मिले मोबाइल की जांच की जा रही है कि वह किस फेंक ऐप का इस्तेमाल कर रहे थे। जानकारों ने व्यापारियों से अपील की है कि वह ऑनलाइन भुगतान के समय केवल मोबाइल स्क्रीन पर दिखाए गए मैसेज पर भरोसा न करें। साउंड बॉक्स की आवाज सुनें या बैंक से आए नोटिफिकेशन की पुष्टि करने के बाद ही ग्राहक को जाने दें। इस मामले में पूछताछ जारी है। आरोपी नाबालिग हैं, इसलिए नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# सांसद के जन्मदिन पर शिवालय में पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



सरपंच संघ छुईखदान ने खैरा नर्मदा में सांसद संतोष पांडेय का जन्मदिन उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर लोधेश्वर मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।सांसद के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। सांसद पांडेय ने लोधेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात सरपंच, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने उनका भव्य अभिनंदन किया। सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रकाश जंघेल ने सांसद के उपलब्धि को गिनाया। श्री पांडेय ने आभार जताते हुए विकास को गति देने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, नेतराम जंघेल, दूजेराम वर्मा, केसलाल मंडावी, बोधन मेरावी, महेशदास, अवध जंघेल, रमेश जंघेल, रोशन जंघेल, ओम प्रकाश वर्मा, अंजु जंघेल, टेकन नायक, गौतम जंघेल, लाला जंघेल, शिव कुमार, धर्मेन्द्र जंघेल, सुनील कुमार, रामावतार, युवराज पटेल, किशन सेन, कंसराम साहू, प्रेमलाल, संतु पटेल, लालचंद, अशोक साहू, जयप्रकाश मसखरे, बल्लु जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

### राष्ट्रीय कुश्ती के लिए शुभम चयनित



**गंडई पंडरिया।** स्थानीय देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय के छात्र शुभम जंघेल ने अपनी प्रतिभा के दम पर खेल जगत में नाम रोशन किया है। शुभम का चयन चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

हाल में उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में अंतर-महाविद्यालयीन स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतिस्पर्धा में शुभम जंघेल ने अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर श्रेष्ठता साबित किया। उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया।

#### 5 से चंडीगढ़ में दंगल

राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता आगामी 5 से 9 जनवरी तक चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने शुभम कल 2 जनवरी को रवाना होंगे। शुभम ने अपनी सफलता का श्रेय क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौशार्य के मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम को दिया है। शुभम को इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे, प्राध्यापक डॉ. एनएस वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौशार्य सहित प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने बधाई दी है।

### विधायक ने दी आंदोलन की चेतावनी, खरीदी व्यवस्था पर उठाए सवाल

# सभी किसानों का पूरा धान खरीदने की मंशा नहीं, सड़क पर आकर लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू ने धान खरीदी के मसले में तीखे तेवर दिखाते हुए आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन की मंशा शत प्रतिशत किसानों का धान खरीदने की मंशा नहीं है।

धान खरीदी शुरू होने के डेढ़ साल बाद भी किसानों की शिकायतों का समाधान नहीं किया जा रहा है। सरकार और प्रशासन का यही रवैया रहा तो बड़ी संख्या में किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि एक सप्ताह में शिकायतों का समाधान और सिस्टम में सुधार नहीं किया तो कांग्रेस किसानों के साथ सड़क पर आकर लड़ाई लड़ेगी।

#### भटक रहे किसान

उन्होंने बताया कि किसानों ने जितनी जमीन का पंजीयन कराया है वह एग्रीटेक में नहीं दिखा रहा है। किसान रकबा में सुधार के लिए सोसायटी और तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं किन्तु सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उपेक्षा पूर्ण बर्ताव जारी रहा तो आगामी 30 जनवरी तक किसान अपना धान नहीं बेच पाएंगे। श्री साहू ने बताया कि शासकीय पट्टेदार कृषि भूमि के धान खरीदी नहीं हो रही है क्योंकि शासकीय पट्टे की जमीन का एग्रीटेक पोर्टल में भू-स्वामी दर्ज नहीं है। इसी प्रकार एग्रीटेक पोर्टल में वारिशान पंजीयन हेतू कैरीफारवर्ड नहीं होने के कारण धान विक्रय करने से किसान वंचित है।

#### सोसायटियों में बिचौलिये हावी

विधायक साहू ने बताया कि किसानों के नए खसरे में जो रकबा एग्रीटेक में जुड़ा है, परन्तु उनका सोसाईटी में रकबा संसोधन नहीं हो पा रहा है। तमाम कोशिशों के बाद भी किसान धान नहीं बेच पा रहे हैं। वहीं 30 प्रतिशत आफलाईन टोकन वितरण व्यवस्था का बिचौलियों व सत्ता पक्ष के लोगों द्वारा दुरूपयोग किया जा रहा है। दुरूपयोग की लगातार शिकायतें मिलने के बाद प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे है।

विधायक श्री साहू ने गुरूवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि पीवी ऐप में पटवारी द्वारा धान फसल अंकित करने के बाद भी गिरदावरी में संसोधन नहीं हो पाया है जिससे किसान अपना धान नहीं बेच पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वन अधिकार पट्टा एग्रीटेक में पंजीकृत है, परन्तु युनीफाईट फार्मर रजिस्ट्रेशन ऐप में कुछ खसरा का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है।

#### सत्यापन की आड़ में सता रहे किसानों को

उन्होंने आरोप लगाया कि रकबा समर्पण के निर्देश को गलत परिभाषित कर किसानो को परेशान किया जा रहा है। इसी तरह धान के भौतिक सत्यापन की आड़ में किसानो को बेइज्जत और परेशान किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी बताया कि फार्मर एग्रीस्टेक पंजीयन में फार्मर रजिस्टेशन आईडी नहीं बन रहा है जिससे पोर्टल में नाम नहीं जुड़ रहा है। चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता गुलाब वर्मा, टिकेश साहू, सद्दाम खत्री, अखलेश नखत, रौशन यदु, रौशन साहू, सोमन साहू, दीपक देवांगन मौजूद थे।

# बरगांव में जैतखाम का लोकार्पण

## श्रद्धा के साथ मनाया गया बाबा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर बरगांव में सतनामी समाज ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर नवनिर्मित जैतखाम का लोकार्पण कर बाबा के सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

उक्त समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु थी। उन्होंने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा का सत्य ही ईश्वर है, ईश्वर ही सत्य है का संदेश समाज को सही दिशा देने वाला है। बाबा ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष कर समानता, भाईचारे और मानव धर्म का मार्ग दिखाया, जिसे आत्मसात करना समय की आवश्यकता है। संत समाज पंथी नृत्य एवं झांकी मंडली बेल्हारी ने आकर्षक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रंजीता पडौती, पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, सरपंच धनेश्वरी उइके, मनोज साहू, खेलन डहरे, युवराज ढिड़हरे, जनपद सदस्य विवेक मंडावी, संतोष वैष्णव, रामकुमार गुप्ता, संतानु दास साहू, चंदकुमार गोयल, चिंताराम खुटियारे, सेवाराम खुटियारे, सुनील गोयल, आनंद गोयल, मोहन खुटियारे, प्रमोद गोयल, इन्द्र कुमार गोयल, चन्द्रकुमार, संतोष गोयल, खुमानदास खुटियारे, भानुप्रताप खुटियारे, ज्ञानु, अजय, हार्दिक, भव्य, तन्मय, विकास आदि शामिल हुए।

#### पंथी की रंगारंग प्रस्तुति

कार्यक्रम की शुरुआत पंथी नृत्य के साथ हुई। इस मौके पर पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा निकाला गया। शाम को ध्वजारोहण कर प्रसादी वितरण किया गया।

**खबर संक्षेप**

## मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण प्रारंभ

**मोहला।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 1 जनवरी के आधार पर प्रारंभ हो गया है। जिले के कुल 313 मतदान केन्द्रों में इस कार्य के लिए बीएलओ बूथ लेवल ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं, जो मतदाता सूची के अद्यतन कार्य में सक्रिय रूप से लगे हैं।विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत आगामी 1 अक्टूबर तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं महाविद्यालयों के स्वीप नोडल अधिकारियों के पास फॉर्म-6 उपलब्ध कराया गया है। अर्हता तिथि एक जनवरी की स्थिति में प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन गत 23 दिसंबर सभी 313 मतदान केन्द्रों में किया जा चुका है। इस प्रारूप सूची पर दावा-आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक आमंत्रित की जा रही है।

## पेंशनर्स प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के जिला महामंत्री एवं प्रांतीय संगठन सचिव सुधीर शेंडे के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर की अनुपस्थिति में एडिशनल कलेक्टर को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञाापन प्रधानमंत्री के नाम सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में नगर अध्यक्ष पीआर साव, जिला कोषाध्यक्ष जगदीश साहू, जिला प्रवक्ता रमेश भोजवानी, नगर सचिव मनहरण साहू, जिला संगठन सचिव बांके सिंह, महिला प्रतिनिधि शकुन्तला साहू शामिल थी। प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन में अपनी मांगें रखी। जिसमें मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) तत्काल समाप्त करने, पेंशनरों की आयु 65 वर्ष पर 5 प्रतिशत, 70 वर्ष पर 10 प्रतिशत, 75 वर्ष पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन देने शीघ्र आदेश जारी करने, प्रदेश के पेंशनरों को देय तिथि दिनांक 01 जुलाई 2025 से लंबित 3 प्रतिशत महंगाई राहत देने शीघ्र आदेश जारी करने, प्रतिवर्ष पेंशनरों के ईलाज हेतु स्वास्थ्य विभाग को दे रही राशि सीधे पेंशनरों के पेंशन खाते में भेजने आदि मांगें शामिल रही।

## सेवानिवृत पर दी गई बिदाई



**राजनांदगांव।** वन क्षेत्रपाल कमल नयन नोन्हारे एवं दुलार साहू दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को सेवानिवृत्त होने पर छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ राजनांदगांव द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा सेवाकाल के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों का स्मरण किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्त नोन्हारे राजनांदगांव की ही स्थाई निवासी है तथा सितंबर 1989 से वनरक्षक के पद पर अपने शासकीय सेवा की शुरूआत की थी। 36 वर्ष की गौरवशाली सेवा पूर्ण कर रेंजर रहते सेवानिवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक श्री गिलहरे, जिला वन कर्मचारी संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष डुमन साहू, प्रदेश महामंत्री विनोद मिश्रा, सुशील तिवारी, रविशंकर अग्निहोत्री, श्याम मिश्रा, बागनदी रेंजर सुरजबली सिन्हा, तेजराम सिन्हा महामंत्री, भूषण कौशिक कोषाध्यक्ष, अजय श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, रिंकी वैष्णव महामंत्री, मनीष साहू पूर्व जिला अध्यक्ष, मालती नेताम, लक्ष्मी तारम, रामसिंह साहू, सुभाष साहू, अजय ठाकुर, भावदास, नसीर अहमद, साहेब खान, दिलीप चंदेल, तौफीक खान सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### लंबित मामलों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए

# टीएल बैठक में कार्यों की समीक्षा योजनाओं में गति लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में शासन की योजनाओं और प्रशासनिक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा के उद्देश्य से कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए और समय-सीमा से बाहर लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। उन्होंने जिले में संचालित धान खरीदी व्यवस्था तहत अब तक की धान खरीदी, धान उठाव, भंडारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि खरीदे गए धान का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए और केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू बनी रहें, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने राजस्व एवं न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि समय-सीमा से अधिक लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए ताकि आम नागरिकों को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से यह निर्देश दिए कि नागरिकों से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब न हो और विभागीय स्तर पर सक्रियता बनी रहे। ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने प्रमाण-पत्रों सहित अन्य सेवाओं का निर्धारित समय में वितरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

ई ऑफिस व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि 1 जनवरी 26 से सभी शासकीय फाइलों का संचालन अनिवार्य रूप से ई ऑफिस के माध्यम से किया जाएगा ताकि कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हो सके।

**सभी विभाग आपसी समन्वय से करें काम**

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत अपूर्ण व अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र पूरा कराने, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति और प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक सोलर पैनल स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंचे और कार्यों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की शिथिलता ना हो। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, एसडीएम छुईखदान-गंडई अविनाश ठाकुर, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# वार्षिक खेलकूद एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित




**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव के प्रांगण में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। दो दिवसीय आयोजन में विद्यार्थियों ने न केवल अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

प्रथम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का स्वागत प्रबंधन एवं छात्र प्रतिनिधियों द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मधुर सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अनिल गौतम जिला खेल अधिकारी, विशिष्ट अतिथि रेखा पदम अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी एवं विक्रम अवार्डी तथा देवेन्द्र ठाकुर खेल नोडल अधिकारी ने मशाल प्रज्जवलित कर और रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर खेल उत्सव का विधिवत उद्घाटन किया।

विद्यार्थियों ने सत्य, धर्म, विनय और धैर्य हाउस के नेतृत्व में अनुशासित मार्च पास्ट करते अतिथियों को सलामी दी। प्राचार्य रेखा तिवारी ने स्वागत भाषण में स्कूल की खेल उपलब्धियों का ब्यौरा साझा किया।

द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि सचिन बघेल अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित एवं वरिष्ठ भाजपा नेता व अध्यक्षता प्रख्यात ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज राजेंद्र प्रसाद ने की। दोनों ही दिन संस्था के प्रबंधकगण अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव अतुल देशलहरा, अदित्य अग्रवाल, राखी देशलहरा, वुहा अग्रवाल, प्राचार्य रेखा तिवारी, अशोक पारख और विकास जोशी उपस्थित रहे।

संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने पदक और प्रमाण पत्र प्रदान कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। अनुशासन और खेल भावना के आधार पर ब्लू हाउस (धर्म) को बेस्ट हाउस के खिताब से नवाजा गया।

# इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित आईएफसी परियोजना की प्रगति को मजबूत और भविष्य की रणनीति निर्धारित करने इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर की कार्य उपलब्धियों की जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने समीक्षा बैठक ली जिसमें परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए महिला किसानों की आय मे बढ़ोतरी करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्ययोजना तैयार करना था।

गौरतलब है कि परियोजना में जनपद के सृजन संकुल संगठन अंतर्गत 16 ग्रामों में संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से लगभग 1300 चयनित महिला किसानों को विभिन्न कृषि व पशुपालन आधारित गतिविधियों से जोड़ा गया है। इसके तहत महिला किसानों को बहु आजीविका के अवसर प्रदान कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने का काम हो रहा है। डबरी निर्माण से सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि और भूजल स्तर में व्यापक सुधार को लेकर बैठक में जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने परियोजना अंतर्गत चयनित महिला किसानों के यहां आजीविका डबरी निर्माण के मांग प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर तैयार करने कहा। जनपद सीईओ हिमांशु गुप्ता द्वारा महिला किसानों की आय वृद्धि व सतत आजीविका विकास को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।



**परियोजना के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा**

बैठक में परियोजना के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई जिसके तहत चयनित महिला किसानों को तीन से चार कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़कर आय मे वृद्धि करना, विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करना, सस्ती दरों पर कर्ज और अनुदान योजनाओं से जोडना, हितग्राहियों का प्रशिक्षण, क्षमता विकास और आईएफसी एंकर व सीनियर सीआरपी के माध्यम से नियमित रूप तकनीकी मार्गदर्शन देना शामिल है। इसके अतिरिक्त आजीविका सेवा केंद्र की स्थापना कर प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग, कर्ज सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही सब्जी, मुर्गी, बकरी, अनाज जैसे उत्पादों के विक्रय के लिए बाजार से जोड़ने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। गुणवत्तापूर्ण इनपुट उपलब्ध कराने सब्जी नर्सरी, खाद-बीज दुकान की स्थापना भी हो रही है। बैठक में डीपीएम एनआरएलएम द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से परियोजना की वर्तमान स्थिति व उपलब्धियों की जानकारी दी गई। आजीविका संसाधन केंद्र व सब्जी नर्सरी की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिया गया वहीं जिला समन्वयक द्वारा प्रस्तावित आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया गया। इस दौरान डीपीएम एनआरएलएम उमेश तिवारी, बीपीएम दीनानाथ लिल्लारे, क्षेत्रीय समंवयक गीतांजली ठाकुर, 16 ग्रामों के कृषि व पशु सखी सहित लगभग 50 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# अटल स्मृति वर्ष पर जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित

- राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला भाजपा कार्यालय में अटल स्मृति वर्ष के अवसर पर खाद्य आयोग अध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी संदीप शर्मा की मौजूदगी मे संगोष्ठी आयोजित कर भारत रत्न पूर्व पीएम पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत रूप से संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू ने स्वागत संबोधन मे अतिथियों का अभिनंदन कर जिला भाजपा संगठन की संरचना, गतिविधियों और सभी मंडलों के पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। प्रमुख वक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि अटल स्मृति वर्ष संगोष्ठी का उद्देश्य भारत रत्न वाजपेयी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने अटल के शिक्षा दीक्षा को लेकर जानकारी दी और आरएसएस से जुड़ाव सहित जनसंघ के गठन और उसके वैचारिक आधार पर भी प्रकाश डाला।

**योगदान की दी जानकारी**

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने भारत रत्न पूर्व पीएम वाजपेयी द्वारा देश हित को लेकर किए ऐतिहासिक कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि अटल अपनी हाजिर जवाबी और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए जाने जाते थे। उनके कार्यकाल में भारत पाकिस्तान बस सेवा की शुरुआत हुई, जो शांति और संवाद का प्रतीक थी। संगोष्ठी संचालन जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन ने किया। इस दौरान टीके चंदेल, घम्मन साहू, शशांक ताम्रकार, अनिल अग्रवाल, दिनेश वर्मा, भावेश कोचर, जैनेन्द्र जंघेल, ललित सोनी, अनुज देवांगन, जीवन देवांगन, ललित चोपड़ा, कोमल वर्मा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, देवकुमार सेन, दिलेश्वर यद्दु, नीलिमा गोस्वामी, गिरजा चंद्राकर, पंकज राजपूत, पन्ना मंडावी, राकेश ठाकुर, शत्रुघ्न साहू, रजेलाल पटेल, केशव चन्देल, लेखराम साहू, केशव चंदेल, हर्ष वर्मा, अशोक पाल, दीना जंघेल, चेतन वर्मा, अनूप वर्मा, रूपेंद्र रजक, विनय देवांगन, अनीश सिंह, नकुल साहू, अशोक साहू, चंदन गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओ ने राष्ट्र निर्माण में अटल जी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में पाटणकर गर्ल्स महाविद्यालय दुर्ग ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के तत्वावधान में आयोजित अंतर-महाविद्यालयीन महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य एवं रोमांचक समापन 24 दिसंबर को हुआ। खेल आयोजन की मेजबानी इस वर्ष पहली बार कॉन्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव को प्राप्त हुआ, जिसे कॉलेज ने उत्कृष्ट व्यवस्थाओं, अनुशासन और खेलभावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया।

इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध कुल 8 महाविद्यालय की महिला क्रिकेट टीमों ने भाग लिया। फाइनल दिवस के मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश नामदेव निदेशक शारीरिक शिक्षा विभाग हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग ने कहा कि “खेल प्रतियोगिताएं छात्राओं के सर्वांगीण विकास, अनुशासन और टीम भावना को सुदृढ़ करती है। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज द्वारा किया गया यह आयोजन सराहनीय है।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला डॉ. डब्ल्यूडबल्यू पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग एवं शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर पीजी स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के मध्य खेला गया। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते पाटणकर गर्ल्स कॉलेज की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 161 रन का स्कोर खड़ा किया। इस शानदार पारी की नायिका मानश्री मौर्य रही, जिन्होंने 79 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीवाईटी कॉलेज की टीम पाटणकर कॉलेज की सटीक गेंदबाजी के सामने मात्र 50 रन पर सिमट गई। जिससे पाटणकर गर्ल्स कॉलेज ने 112 रन के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।



**ऐसे आयोजन नेतृत्व क्षमता को नई दिशा देते हैं**

इस आयोजन को सफल बनाने में क्रीड़ा प्रभारी धनंजय साहू, विजय मानिकपुरी, अभिषेक वैष्णव, देविका देवांगन, आदर्श उज्जवने एवं पूजा खंडेलवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा देते हैं। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने कहा कि कॉन्फ्लूएंस कॉलेज सदैव खेलों के माध्यम से छात्राओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता रहा है। साथ ही यूजी के विद्यार्थियों वैभव, गौरव, स्वांजिल, तनीषा, फाल्गुनी, नंदिनी, प्रज्ञा एवं मनीष ने भी आयोजन को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया।

# आईटीआई छात्रों की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- नया साल मनाकर लौट रहे थे घर

नया वर्ष 2026 का आज पूरा दिन जिले में हर्ष और खुशियों, मौज मस्ती के बीच गुजरा ही था कि देर शाम अंबागढ़ चौकी के ग्राम मेटेपार में दो दिन से ब्रेकडाउन अवस्था में खड़ी 14 चक्का ट्रक में मोहला विकासखंड के ग्राम कंदाडी निवासी दो आईटीआई के छात्र घर वापसी के दौरान जा घुसे। इस दर्दनाक हादसे में घटनास्थल पर ही दोनों युवकों की अकाल मौत हो गई। बताया गया कि दोनों छात्र मोहला आईटीआई के छात्र हैं, जो खरखरा बांध से पिकनिक मनाकर वापस लौट रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार लगभग शाम 7:30 बजे मेटेपार गांव में बीते दो दिनों से भिलाई से सरिया लेकर हैदराबाद के लिए निकली 14 चक्का ट्रक सीजी 07 बीओ 7968 इंजन का हेड खराब होने के कारण ब्रेकडाउन अवस्था में सड़क पर खड़ी हुई थी। इधर मोहला विकासखंड के ग्राम कंदाडी निवासी मोहला आईटीआई के दो छात्र सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 एएच 4943 से उक्त खड़ी ट्रक में जा घुसे। हादसे में दोनों युवाओं की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना उपरांत मृतक के रूप में सेवन चिराम पिता जयसिंग चिराम 22 वर्ष जाति हल्बा व फकीर खरे पिता नंदकुमार खरे 22 साल निवासी कंदाडी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बताया गया कि दोनों युवक गांव से खरखरा बांध पिकनिक के लिए निकले हुए थे, वापसी के दौरान तेज रफ्तार मोटर साइकिल सवार मेटेपार गांव में खडी ट्रक में जा घुसे। हादसे में घटनास्थल पर ही दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल थाना प्रभारी अश्वनी राठौर की टीम मौके पर पहुंचकर दोनों युवाओं के शव को घटनास्थल से उठाकर अंबागढ़ चौकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाते हुए परिजनों को खबर किया।



**हेलमेट टुकड़ों में हो गया विभाजित**

मोटर साइकिल सवार युवकों की मोटर साइकिल इतने तेज रफ्तार में ट्रक से टकराई कि 1 किलोमीटर तक टकराने का तेज आवाज लोगों ने सुना। इसके साथ ही मोटर साइकिल ड्राइव कर रहे चालक की हेलमेट घटनास्थल पर टुकड़ों में तब्दील हो गया। दोनों युवकों के सिर हादसे में कुचला गया है।

**भिलाई से हैदराबाद जा रही थी ट्रक**

बताया गया कि सरिया लोड कर ट्रक भिलाई से हैदराबाद के लिए निकली हुई थी। दो दिनों से गाड़ी का हेड खराब होने के कारण राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे के मेटेपार गांव में ट्रक खराब हालत में खड़ी थी, जिसे बनवाने ट्रक चालक लगा हुआ था।

**कार्रवाई जारी**

नए साल की खुशियों के बीच सड़क हादसा या अप्रिय घटना को रोकने पुलिस लगातार गश्त और पुलिसिंग में थी कि अचानक खबर मिली हाईवे में दो युवक खड़ी ट्रक से टकरा गए हैं। हादसा दुखद है। दोनों युवकों के परिवार को सूचना दी गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**-अश्वनी राठौर,** थाना प्रभारी, अंबागढ़ चौकी

### नगर पंचायत कार्यालय में गरिमामय समारोह, उमड़ा जनसैलाब

# विदाई के साथ सम्मानित हुई सीएमओ सुनीता जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर पंचायत छुईखदान की मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनीता जैन के सेवानिवृत्त होने पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नगरवासियों ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। सभी ने उनके सफल, अनुकरणीय कार्यकाल की मुक्तकंठ से सराहना की। योगा समिति ने मंगल भवन बाजार लाइन छुईखदान में सम्मान समारोह आयोजित कर श्रीमती जैन को विदाई दी।ज्ञात हो कि श्रीमति जैन नगर की पहली बेटी है जो सीएमओ के रूप में सेवानिवृत्त हुई है। सम्मान समारोह में वक्ताओं ने श्रीमती जैन के कार्यकाल, नगर विकास, स्वच्छता एवं प्रशासनिक कार्यों को याद किया। इसी दौरान नगर की संगीत समिति ने रंगारंग गीत पेश किया। कार्यक्रम में छुईखदान की स्थानीय संगीत पार्टी द्वारा प्रस्तुत मनमोहक आर्केस्ट्रा ने समारोह को उत्सव में बदल दिया।मधुर संगीत की धुनों पर बच्चे, युवा एवं नागरिक झूमते नजर आए। इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास ने श्रीमती जैन के सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रेरणा समिति के अध्यक्ष अशोक चंद्राकर, संजय महोबिया, मोहन जंघेल, प्रेस क्लब छुईखदान के सज्जाक खान, यशवंत जंघेल, उदय चंदेल, पार्तीका महोबिया, अंशुल सोनी, शिवेंद्र सिंह, ज्योति राजपूत सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।



# राज्य स्तरीय बॉस्केटबाल महिला स्पर्धा का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वावधान में दिग्विजय स्टेडियम में राज्य स्तरीय महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, सरगुजा सहित 11 सेक्टर की टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, अतुल रायजादा, दिनेश नामदेव, राजेश्वर राव, पंकज पांडे उपस्थित थे। स्वागत गीत तथा राजकीय गीत के साथ ही प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रारंभ में खेल संचालक दिनेश नामदेव ने खिलाड़ियों का अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। जनभागीदारी अध्यक्ष अतुल रायजादा ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खिलाड़ियों को हमेशा पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान देना चाहिए। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में खेलों में भी कैरियर की काफी संभावनाएं है। देश की बेंटियों को खेल के क्षेत्र में भारत का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रही है। आप भी अच्छे खेल भावना का परिचय देते अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। मंगलवार को खेले गए मैचों में पहला मुकाबला में दक्षिण बस्तर ने कोरबा को 24-17, रायगढ़ ने उत्तर बस्तर को 35-8, राजनांदगांव ने बलौदाबाजार को 39-8, बिलासुपर ने जांजगीर को 33-6, रायपुर ने दक्षिण बस्तर को 44-5 तथा सरगुजा ने रायगढ़ को 57-02 से पराजित किया। कार्यक्रम के उद्घाटन का संचालन डॉ. शैलेन्द्र सिंह तथा आभार प्रदर्शन क्रीड़ाधिकारी अरूण चौधरी द्वारा किया। मैच के निर्णायक पंकज पाण्डे, पूर्वा रामटेके, संतोष शुक्ला, वर्षा मेश्राम तथा मिन्टू दीपक थे। उद्घाटन समारोह में रीना ध्रुव, दीपक परगनिहा, आदित्य पराते, शोभा श्रीवास्तव, आशीष डोंगरे, डॉ. पीके हरी, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, डॉ. नीता नायर, डॉ. अनिता पौषार्य, मंजरी सिंह, विकास कांडे, संतराम वर्मा आदि उपस्थित थे।

## सार समाचार

### शुक्ल को साहित्यिक विछोह बताकर दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव।** हिंदी के जाने-माने साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नगर के साहित्यकारों, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने श्रद्धांजलि दी। महाविद्यालय के बख्शी सभागृह में आयोजित आयोजन को साहित्यिक विछोह नाम दिया गया था। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि विनोद कुमार शुक्ल छत्तीसगढ़ की माटी के ऐसे सुगंध हैं, जिन्हें यह प्रदेश अपने हृदय में बसाकर रखेगा। उनका भौतिक रूप से विलग होना एक प्राकृतिक विधान है। जबकि वे हमारी स्मृतियों में हमेशा बसे रहेंगे। समीक्षक दादूलाल जोशी ने उनकी काव्यशैली की समीक्षा की। कहानीकार कुबेर साहू ने उनके उपन्यास दीवार में एक खिड़की रहती थी, का सारांश सुनाया। आत्माराम कोशा ने शुक्ल के उपन्यास नौकर की कमीज की समीक्षा की। समाजसेवी राकेश ठाकुर, ओमप्रकाश साहू व महेंद्र कुमार बघेल ने विनोद कुमार शुक्ल से जुड़े संस्मरण सुनाकर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा में पद्मलोचन शर्मा, अनुराग सक्सेना, बीरेंद्र कुमार तिवारी, महेंद्र बघेल और रोशन साहू ने अपनी कविताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी। प्राध्यापक डॉ. बीएन जागृत, डॉ. नीलम तिवारी, डॉ.प्रवीण कुमार साहू, डॉ. वीरेंद्र कुमार साहू सहित शोध छात्र होलेश्वर कुमार देशमुख और वीरेंद्र कुमार ने शुक्ल की रचनाओं का पाठ किया। आयोजन के आरंभ में विद्यार्थी डिलेश कुमार, गजेन्द्र सिन्हा, भोजराम वर्मा और छात्रा जयकुमारी साहू तथा चेतना सिंहा ने शुक्ल की प्रसिद्ध कविताओं का पाठ किया। अंत में डॉ. शंकर मुनि राय ने आभार प्रकट किया।

### पदुमतरा में आज मां बगलामुखी महायज्ञ

**राजनांदगांव।** नववर्ष की शुरूआत के साथ ही ग्राम पंचायत पदुमतरा में भक्ति और आस्था का माहौल बन गया है। यहां 01 जनवरी को 10 महाविद्याओं में से एक महाविद्या मां बगलामुखी का भव्य ज्ञान महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर 108 हवन कुंडों में 108 जोड़ों द्वारा विधिवत हवन किया जाएगा। नववर्ष के दिन होने वाले इस आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यह महायज्ञ क्षेत्रवासियों और आयोजनकर्ताओं की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना के साथ किया जा रहा है। इसके बाद 2 जनवरी से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन स्थल श्रीराम मंदिर परिसर पदुमतरा रहेगा। मां बगलामुखी महायज्ञ में 108 जोड़े भाग लेंगे।

मुख्य यजमान के रूप में ओमप्रकाश साहू एवं उनकी धर्मपत्नी कविता ओमप्रकाश साहू रहेंगे। महायज्ञ के पश्चात 2 जनवरी को विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह की शुरूआत होगी। पहले दिन श्रीमद् भागवत पूजन एवं गोकर्ण महात्म्य की कथा का श्रवण कराया जाएगा। कथावाचक आचार्य पं. रामानुज युवराज पांडेय करेंगे। पूर्व जनपद सदस्य ओमप्रकाश साहू ने बताया कि यह आयोजन लोगों के ज्ञानवर्धन और सुख-समृद्धि की कामना से किया जा रहा है।

### मेडिकल छात्रों पर सर्जिकल स्ट्राइक : अजमानी

**राजनांदगांव।** मेडिकल शिक्षा से जुड़े हजारों छात्रों के भविष्य पर सीधा प्रहार करते छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पीजी कोटा को 50 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत किए जाने के खिलाफ प्रदेशभर में भारी नाराजगी फैल गई है।



इस निर्णय को छात्रों के भविष्य पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' बताते प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस कमेटी के सचिव विशु अजमानी के अगुवाई में जिला कार्यालय पहुंच विरोध प्रदर्शन किया गया। सचिव श्री अजमानी ने बताया कि राज्य सरकार के इस तुगलकी और छात्र विरोधी कदम को लेकर कार्यकर्ता और मेडिकल छात्र हेलमेट पहनकर जिला एवं प्रदेश कार्यालयों में पहुंचे। प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा ने कहा कि पीजी कोटा 50 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करना छात्रों के हितों के खिलाफ बड़ा निर्णय, राज्य के हजारों मेडिकल छात्रों के करियर, सीटों और अवसरों पर सीधा प्रभाव प्रदेश के मेडिकल ढांचे पर भी पड़ेगा, नकारात्मक असर, विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता घटेगी। युवा नेता ऋषि शास्त्री ने बताया कि हमने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें प्रमुख मांगें रखी गई। पीजी कोटा में की गई कटौती को तत्काल वापस लिया जाए।

### मरीजों को मिल रहा गुणवत्तायुक्त एवं पौष्टिक भोजन

**राजनांदगांव।** भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को प्रतिदिन गुणवत्तायुक्त एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने प्रतिदिन वार्ड प्रभारी नर्सों द्वारा भोजन का निरीक्षण कर फीडबैक लिया जाता है। इस प्रक्रिया अंतर्गत भोजन की स्वच्छता, स्वाद, तापमान एवं पोषण स्तर की नियमित जांच की जाती है। साथ ही गुणवत्ता परीक्षण से संबंधित समस्त विवरण का लिखित दस्तावेज भी संधारित किया जा रहा है। मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रतिदिन संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण आहार दिया जा रहा है।

### 800 तीर्थयात्री की हुई सकुशल वापसी

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत हरिद्वार, ऋषिकेश, भारत माता मंदिर का भ्रमण कर 800 तीर्थयात्री सकुशल वापस आ गए हैं।




तीर्थयात्रियों को 26 दिसंबर को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से रवाना किया गया था। जिसमें राजनांदगांव जिले से 313, कबीरधाम जिले से 244, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से 113, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से 110 कुल 780 तीर्थयात्री एवं उनके 20 अनुरक्षक शामिल थे। वापस आने पर तीर्थयात्रियों के चेहरे पर खुशी और रौनक थी।

उन्होंने बताया कि यात्रा मंगलमय रही और कोई तकलीफ नहीं हुई। समाज कल्याण एवं पर्यटन विभाग द्वारा परिवहन सुविधा, आवास हेतु होटल व्यवस्था, नाश्ता, भोजन व्यवस्था के साथ ही कंबल, टोपी, छाता सभी तीर्थयात्रियों को उपलब्ध कराए गए थे। यात्रियों ने बताया कि हरिद्वार, ऋषिकेश, भारत माता मंदिर जैसे तीर्थ स्थल एवं दर्शनीय स्थल की यात्रा रोचक एवं यादगार रही। सर्दी के मौसम के दृष्टिगत यात्रियों के लिए गर्म कम्बल सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के लिए तीर्थयात्रियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद दिया।

## चौक-चौराहों में पुलिस रही अलर्ट, शांतिपूर्ण रहा नववर्ष का स्वागत

# नए साल में जीरो घटना-जीरो दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नववर्ष के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनी रही। इस दौरान पुलिस अधिकारी से लेकर जवान चौक-चौराहों से लेकर लगातार गश्त में रहे। लोग अपने घर व चौक-चौराहों में शांतिपूर्ण ढंग से नववर्ष का स्वागत करने जुटे रहे।

जिले में नववर्ष 2026 का आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। राजनांदगांव पुलिस द्वारा नववर्ष के दृष्टिगत की गई व्यापक, सख्त, सुनियोजित एवं तकनीक आधारित सुरक्षा व्यवस्था के परिणामस्वरूप जिले का "जीरो घटना-जीरो दुर्घटना" का लक्ष्य पूर्णतः प्राप्त हुआ।

जिले में शांति, कानून-व्यवस्था एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, राहुल देव शर्मा, सीएसपी वैशाली जैन, डीएसपी पुष्पेंद्र नायक, आशीष कुंजाम, एंब्रोज कुजूर, तनुप्रिया ठाकुर, दिलीप सिंह सिसोदिया, समस्त निरीक्षक एवं पुलिस के आधार स्तंभ सभी आरक्षक, प्रधान आरक्षक, सब-इंस्पेक्टर्स की मेहनत से संपूर्ण जिले को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित कर राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में प्रभावी सुरक्षा प्रबंधन लागू किया गया।



#### आठ नाकाबंदी पाईंट

नववर्ष के दौरान 9 राजपत्रित अधिकारी, 20 निरीक्षक एवं लगभग 600 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। राष्ट्रीय राजमार्ग को चार सेक्टरों में विभाजित कर 60 पुलिस कर्मियों की विशेष टीम तैनात की गई, जिन्होंने हाईवे पर यातायात नियंत्रण, दुर्घटना रोकथाम एवं संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी। जिले में 8 नाकाबंदी पॉइंट्स स्थापित किए गए तथा 16 अतिरिक्त फिक्स्ड चेकिंग पॉइंट्स के माध्यम से संदिग्ध आवागमन की सघन जांच की गई।

#### उपचार किट के साथ पेट्रोलिंग

पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा 25 प्राथमिक उपचार किट पुलिस वाहनों एवं पेट्रोलिंग पार्टियों को उपलब्ध कराई गई। प्रशासन के समन्वय से एम्बुलेंस सेवाएं तैनात की गई तथा नववर्ष के मद्देनजर विभिन्न थानों को अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराए गए। जिले में पैदल गश्त, बाइक पेट्रोलिंग एवं वाहन पेट्रोलिंग लगातार जारी रही।

#### मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई

दुर्घटनाओं की रोकथाम को प्राथमिकता देते 60 पुलिस कर्मियों की विशेष यातायात टीम तैनात की गई। 31 दिसंबर को मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कुल 123 प्रकरण दर्ज किए गए। जिनमें शराब पीकर वाहन चलाने के 10 प्रकरण शामिल हैं। काली फिल्म/ब्लैक शीट, ओवर स्पीडिंग एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघनों पर सख्ती से कार्रवाई की गई तथा दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर वहां निगरानी एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किए गए। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए।
किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जिला अस्पताल के समन्वय से 50 पुलिस कर्मियों को सीपीआर एवं फर्स्ट-एड का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

#### मनगटा क्षेत्र में विशेष निगरानी

मनगटा क्षेत्र में 30 एवं 31 दिसंबर तथा 01 जनवरी को 24 घंटे के लिए मोबाइल चेक पोस्ट स्थापित कर विशेष निगरानी रखी गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु संवेदनशील क्षेत्रों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, पर्यटन एवं सार्वजनिक स्थलों पर ड्रोन कैमरों एवं अन्य आधुनिक तकनीकी संसाधनों के माध्यम से सतत निगरानी की गई। विशेष टीमों द्वारा होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध शराब सेवन, हुड़दंग एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। साथ ही जिले में चिन्हांकित गुंडा-बदमाशों, निगरानी बदमाशों एवं आदतन अपराधियों के विरुद्ध निरंतर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई।

### 943 हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में मंडल की विभिन्न योजनाओं से 943 पात्र हितग्राहियों को बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 62 लाख 21 हजार 750 रुपए हस्तांतरित कर लाभान्वित किया गया है।

जिसके तहत असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत 26 पात्र हितग्राहियों व उनके आश्रितों को 26 लाख रुपए की सहायता प्रदान की गई है। योजना अंतर्गत प्रत्येक हितग्राहियों को 1 लाख रुपए की सहायता प्रदान की गई है। असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना अंतर्गत 146 पात्र हितग्राहियों को 29 लाख 20 हजार रुपए से लाभान्वित किया गया है। योजना अंतर्गत प्रति हितग्राही को 20 हजार रुपए दी जाती है। असंगठित कर्मकारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 771 श्रमिकों के बच्चों को 7 लाख 1 हजार 750 रुपए प्रदान किया जाता है। योजना अंतर्गत श्रमिकों के कक्षा पहली से उच्च स्तर की कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चों को 500 से 8 हजार रुपए दिया जाता है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी यशपाल सिंह ने 37वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

01 जनवरी को पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मोहला ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी शेषनारायण देवांगन की टीम द्वारा 37वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का आयोजन 01 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाना है।



#### सड़क दुर्घटनाओं पर दी जानकारी

जिसका आज 01 जनवरी को दोपहर 12 बजे पुलिस अधीक्षक द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर समारोह का उद्घाटन किया तथा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के बारे में पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने उद्बोधन में यातायात नियमों के पालन हेतु एवं सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में आईटीआई कॉलेज के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट एवं शिक्षकगण शहर व गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न किया गया।

#### नशे में वाहन नहीं चलाने की समझाईश

कस्तूरबा कन्या विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं यातायात सड़क सुरक्षा जनजागरूकता गीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के लिए जनजागरूकता रथ को जिले के प्रत्येक हाट बाजार एवं कस्बा में ध्वनि विस्तार यंत्र के माध्यम से यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर शहर मोहला-मानपुर-अं.चौकी रवाना किया गया। साथ ही जिले की जनता को यातायात नियमों के पालन एवं दुर्घटना में मृत्यु होने के बारे में संदेश देने के लिए यातायात पुलिस आरक्षक ने यमराज की वेशभूषा पहनकर जनता को नशे की हालात में वाहन नहीं चलाएं, यदि नशे में व बिना हेलमेट, तीन सवारी चलते हो तो यमराज के दरवाजा आपके लिए खुला रहेगा, बताते हुए बैनर- पोस्टर के साथ जनता को यातायात नियमों के पालन में जागरूकता लाने हेतु प्रयास किया गया। इस आयोजन में लर्निंग लाइसेंस के कैंप भी लगाया गया है।

## आबकारी अधिकारी के सामने शराब दुकान का कड़ा विरोध, बंद करनी पड़ी दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहारा बायपास में नई प्रीमियम शराब दुकान खोले जाने को लेकर कांग्रेस ने आबकारी के सहायक आयुक्त को ही घेर लिया। कांग्रेस नेताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शित किया। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने हिदायत देते कहा कि संस्कारधानी को शराब की फैक्ट्री बनाने का एजेंडा नहीं चलेगा। उनकी चेतावनी का समर्थन करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आए दिन शराब दुकान का विरोध हो रहा है। इसके बावजूद विभाग संवेदनशीलता की बजाए हठधर्मिता दिखा रहा है।

बुधवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला कार्यालय में आबकारी सहायक आयुक्त का कार्यालय घेर लिया। नेताओं के पहुंचते ही विभाग में हड़कंप की स्थिति बन गई। अधिकारी के चेंबर में ताला लगे होने पर भी नेता वहीं डटे रहे। सहायक आयुक्त के यहां पहुंचते ही उन्होंने अध्यक्ष से बातचीत की। अध्यक्ष मुदलियार ने सभी के सामने संवाद की बात कह दी। इस अवसर पर पूर्व महापौर हेमा देशमुख, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, विवेक वासनिक, प्रदेश प्रवक्ता रूपेशदुबे, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, युकां विधानसभा अध्यक्ष गुरभेज माखीजा (एनी), पार्षद राजा तिवारी, छोटेलाल रामटेके सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता-पदाधिकारी उपस्थित थे।



#### बायपास अब शराब का कारिडोर हो गया

मुदलियार ने कहा कि जब अवैध शराब, शराब दुकान को लेकर जनता का विरोध सामने आता है तो स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे चुप्पी साध जाते हैं, यह कैसी स्वार्थपरक राजनीति है। इन नेताओं के कार्यकाल में शहर का बायपास अब शराब का कारिडोर हो गया है। एक मार्ग पर छह दुकानें खोल दी गई, जिस शहर में कांग्रेस सरकार में दो-दो दुकानें थी, वहां भाजपा सरकार ने 10 दुकानें खोल दी है।

#### कड़ा विरोध के बाद दुकान बंद करने के आदेश जारी

अधिकारी के सामने जिला अध्यक्ष मुदलियार ने शराब दुकान के मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हमारे प्रदर्शन के दौरान अपने दुकान बंद करने की बात कही थी, लेकिन आप इससे पलट गए। अभी भी दुकान खोली जा रही है। उन्होंने कहा कि ये दोहरा रवैया समाज के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि तत्काल दुकान बंद करवाई जाए और दोबारा न खोला जाए। कड़ा विरोध देखते हुए अधिकारी ने दुकान बंद करने के आदेश जारी किए। उन्होंने कांग्रेसजनों को आश्वस्त किया कि दुकान का दोबारा संचालन नहीं किया जाएगा।

### अनिल मिश्रा का निधन

**अंबागढ़ चौकी।** नगर के वयोवृद्ध नागरिक अनिल मिश्रा का निधन हो गया। श्री मिश्रा नगर के प्रबुद्ध नागरिक थे, जो प्रकांड शिवभक्त थे। वे कुश्ती और पहलवानी में रूचि रखने वाले नगर के प्रथम व्यक्तियों में से थे। श्री मिश्रा ने ग्राम मेटेपार में शास. प्रा. शाला और देवरसूर में शास. हाई स्कूल के निर्माण के लिए भूमिदान की थी और इन ग्रामों के रहवासियों के बीच काफी लोकप्रिय थे। श्री मिश्रा अपने पीछे पुत्र, पौत्र और प्रपौत्रों से भरापूरा परिवार छोड़कर गए हैं।



## दो बाइक में जोरदार भिड़ंत, दो की मौत

**राजनांदगांव।** साल के अंतिम दिन बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई। घोघरे पुलिया के पास दो बाइक में जबर्दस्त भिड़ंत होने से दो युवकों की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है। दोनों मृतक एक ही गांव के हैं। उक्त घटना से नववर्ष की खुशियां गांव में मातम में बदल गई।

- घोघरे पुलिया के पास हादसा

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती देर शाम बाइक में सवार होकर आ रहे गणेश मंडावी 21 वर्ष व गितेश 32 वर्ष दोनों ग्राम भंडारपुर निवासी अपने घर की ओर आ रहे थे। वे ग्राम घोघरे पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। बताया गया कि इस घटना में दोनों बाइक सवार तीन लोगों को गंभीर चोंटे आई थी।

#### एक ही गांव के दो की मौत

घायलों को उपचार हेतु छुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां गणेश मंडावी की मौत हो गई। अन्य घायलों को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया था। जिसमें गितेश की भी मौत हो गई। बताया गया कि इस दुर्घटना में दूसरा बाइक सवार प्रथम पल्लीवार गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार हेतु रायपुर चिकित्सालय रिफर किया गया है।

#### गांव में मातम

इधर ग्राम भंडारपुर के दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत होने की खबर से परिवार के लोग सदमे में है। गांव में सनसनी फैल गई। वहीं शोक की लहर व्याप्त हो गई है। गांव में नववर्ष का जश्न मातम में बदल गया।

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल खत्म

## मांगे पूरी करने कर्मियों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिनों से काम बंद-कलम बंद हड़ताल पर डटे शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों ने आज अपने हड़ताल के अंतिम दिन धरना प्रदर्शन स्थल के समीप रक्तदान करते सरकार से मांगे पूरी करने अपील की।

छत्तीसगढ़ शासकीय कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले विभिन्न विभागों में कार्यरत शासकीय कर्मचारी 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय हड़ताल पर थे। अपने हड़ताल के अंतिम दिन आज अधिकारी-कर्मचारियों ने मांग पूरी नहीं होता देख विरोध प्रकट करने के साथ अपना रक्त देकर प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में किए गए मोदी की गारंटी को पूरा करने मांग की। फेडरेशन के जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे ने कहा कि अपनी मांगों को पूरी करने के लिए कर्मचारियों द्वारा खून से पत्र लिखा जाता है, लेकिन हम रक्तदान कर सरकार से मांगे पूरी करने को लेकर संदेश दे रहे हैं। वहीं संगठन के जिला सह-सचिव सुदेश यादव ने कहा कि सरकार हमारी मांगों पर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम कर्मचारियों ने लोगों की जान बचाने के उद्देश्य से रक्तदान किया है और मानवता दिखाई है। इस तरह सरकार को भी संवेदनशील होकर कर्मचारियों की मांगों को पूरी करनी चाहिए।



#### अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से तीन दिनों से काम ठप पड़ा हुआ है। वहीं अब तीन दिनों के प्रदर्शन के बाद भी मांगे पूरी नहीं हुई है। ऐसे में प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों सरकार के बीच बातचीत की कोशिश की जा रही है। वहीं यहां भी बात न बनने पर शासकीय अधिकारी-कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं। जिसको लेकर आंदोलन के माध्यम से चेतावनी दी गई है।

#### कर्मियो से सौंपा ज्ञापन

इधर डीए, एरियस, अवकाश नगदीकरण, अनुकंपा नियुक्ति नियमितीकरण सहित अपनी 11 मांगों को पूरी करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा रक्तदान करते प्रदेश सरकार को वादा पूरा करने संदेश दिया गया। धरना प्रदर्शन के अंतिम दिन आयोजित किए गए इस रक्तदान शिविर में 100 सदस्यों द्वारा रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया था। वहीं रक्तदान के बाद प्रदेश सरकार के नाम 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

हरिभूमि
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'हरिभूमि' प्राप्त करने, समाचार व विज्ञापन हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें...
'हरिभूमि' समाचार पत्र के स्थान पर यदि अन्य अखबार मिल रहा हो तो संपर्क करें-
अं.चौकी : उदयन राज त्रिपाठी 9406433993
मोहला : आभास शर्मा - 6260517094
पिनकापार : - 6268260462

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 02 जनवरी 2026



**खबर संक्षेप**

### मसूर फसल का किया गया समूह प्रदर्शन

**कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा द्वारा आदर्श दलहन ग्राम योजना के अंतर्गत मसूर फसल की उन्नत कास्त तकनीक विषय पर कृषक संगोष्ठी सह आदान सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मसूर की उन्नत किस्म कोटा मसूर 4 का समूह प्रदर्शन किया जा रहा है। जिससे जिले के दलहन उत्पादक किसानों को आधुनिक तकनीक से उत्पादन बढ़ाने की जानकारी मिल सके।

# रसूख के आगे नतमस्तक नियमः मुख्यालय छोड़ शहरों में बसे मैदानी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

सरकारी सेवा की पहली शर्त होती है, जनसेवा और निर्धारित मुख्यालय पर निवास। लेकिन कबीरधाम जिले के वन, पुलिस और राजस्व जैसे महत्वपूर्ण विभागों में यह शर्त केवल कागजों तक सीमित रह गई है। आलम यह है कि मैदानी अमला मुख्यालय में रहने के बजाय शहरी सुख-सुविधाओं को प्राथमिकता दे रहा है, जिससे वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों की सरकारी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जिले के पंडरिया, बोड़ला और कवर्धा ब्लॉक के दूरस्थ अंचलों में तैनात कर्मचारी विभागीय नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। अधिकांश कर्मचारी अपने निर्धारित मुख्यालय में रहने के बजाय नजदीकी शहरों में डेरा जमाए हुए हैं। ये कर्मचारी दिन भर में अथवा फिर कभी कभार महज एक-दो घंटे के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पहुँचते हैं और शेष समय अपनी सुविधानुसार व्यतीत करते हैं। विडंबना देखिए कि वेतन, भत्ते और तमाम सरकारी सुविधाएं पूरी चाहिए, लेकिन जब जिम्मेदारी निभाने और मुख्यालय में रुकने की बात आती है, तो नियम बोझ लगने लगते हैं।

### मजबूरी का गानाः पढ़ाई और परिवार का बहाना

जब भी उच्चाधिकारियों द्वारा मुख्यालय में रहने का दबाव बनाया जाता है, तो कर्मचारियों के पास बहानों की लंबी फेहरिस्त तैयार रहती है। बच्चों की बेहतर शिक्षा, वृद्ध माता-पिता की देखरेख या स्वास्थ्य सेवाओं की कमी का हवाला देकर ये कर्मचारी नियम तोड़ने का लाइसेंस मांगते हैं। सवाल यह उठता है कि क्या सरकारी सेवा की शर्तें कर्मचारी की निजी समस्याओं के आधार पर बदलनी चाहिए? या फिर शासकीय सेवक को सेवा में आने से पहले इन शर्तों की जानकारी नहीं थी?

### स्वेच्छाचारिता को मौन समर्थन




सबसे बड़ी विडंबना यह है कि विभाग के आला अफसर सब कुछ जानते हुए भी मूकदर्शक बने हुए हैं। क्या अधिकारियों ने इन कर्मचारियों की स्वेच्छाचारिता के आगे घुटने टेक दिए हैं? किसी भी विभाग में सरकारी शर्तें बाध्यकारी होनी चाहिए, न कि कर्मचारियों को अपनी शर्तों पर नौकरी करने की छूट मिलनी चाहिए। जब रक्षक ही नियम तोड़कर रसूखदारों के दबाव में काम करेंगे, तो आम जनता की सुनवाई कैसे होगी?

### होम पोस्टिंग से निष्पक्षता पर सवालिया निशान

कुछ वर्ष पहले तक पुलिस, वन और राजस्व जैसे संवेदनशील विभागों में यह सख्त नियम था कि किसी भी कर्मचारी की पदस्थापना उसके गृह क्षेत्र में नहीं की जाएगी। इसके पीछे तर्क स्पष्ट था—कार्यवाही में स्थानीय लगाव या पक्षपात न हो। किंतु, वर्तमान में कवर्धा और पंडरिया क्षेत्र के थानों, तहसीलों और वन परिक्षेत्रों में स्थानीय कर्मचारियों की 'फौज' खड़ी है। सूत्रों की मानें तो ऐसी नियुक्तियों के पीछे धनबल और राजनीतिक रसूख का बड़ा हाथ होता है।

**समस्याः** खपरी सहित जिले के कई खरीदी केन्द्रों में बफर लिमिट से कई गुना अधिक धान जाम


# जिले के केन्द्रों से धान के उठाव को लेकर शासन-प्रशासन नहीं दिख रही गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में इन दिनों समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य जोर-शोर से चल रहा है, लेकिन धान के उठाव और परिवहन की सुस्त रफ्तार ने अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में गंभीर जाम की स्थिति पैदा कर दी है। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो खरीदी केन्द्रों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ सकता है, जिसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ेगा। शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग की इस अनदेखी का एक उदाहरण कवर्धा जिले के सेवा सहकारी समिति खपरी (झलमला) धान उपार्जन केन्द्र में देखी जा सकती है जहां के हालात बेहद चिंताजनक है।

यहां समर्थन मूल्य पर अब तक कुल 31 हजार 158 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। लेकिन इसके मुकाबले मिलर्स द्वारा मात्र 2460 क्विंटल तथा संग्रहण केन्द्र द्वारा केवल 1180 क्विंटल धान का ही उठाव किया गया है। कुल मिलाकर उठाव की मात्रा खरीदी की तुलना में अत्यंत कम और बेहद धीमी है। सबसे गंभीर बात यह है कि धान उपार्जन केन्द्र खपरी की बफर लिमिट मात्र 7200 क्विंटल निर्धारित है, जबकि वर्तमान में केंद्र में 27 हजार 518 क्विंटल धान जाम होकर पड़ा हुआ है। बफर लिमिट से कई गुना अधिक धान जमा हो जाने के कारण किसी भी समय इस केन्द्र की खरीदी बंद की जा सकती है। हालात इतने बदतर हैं कि केन्द्र परिसर में खड़े होने तक की जगह नहीं बची है। नए किसानों या आगंतुकों को कार्यालय तक पहुंचने के लिए भी भारी मशक्कत करनी पड़ रही है, क्योंकि चारों ओर धान के बोरे, बरदाना और ट्रैक्टर ही नजर आते हैं। जानकारी के अनुसार, इस धान उपार्जन केन्द्र को चालू खरीदी सत्र में लगभग 65 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें से अब तक करीब आधी मात्रा यानी 31 हजार 158 क्विंटल की खरीदी हो चुकी है। इसके बावजूद बफर लिमिट से अधिक धान पड़े रहने और उठाव नहीं होने को लेकर मार्कफेड और खाद्य विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए नजर आ रहे हैं। अब तक न तो मिलर्स के खिलाफ और न ही परिवहन एजेंसियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई की गई है। यही वजह है कि धान का उठाव ठप या बेहद धीमी गति से हो रहा है। कमोबेश यही स्थिति जिले के लगभग सभी धान खरीदी केंद्रों की बताई जा रही है। यदि समय रहते धान के उठाव की व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में जिलेभर में खरीदी केंद्रों पर जाम की स्थिति और भी विकराल हो सकती है। इसका सीधा खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ेगा, जिन्हें घंटों कतार में खड़े रहने या बिना धान बेचे लौटने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

### लापरवाही कहीं फिर न पड़ जाए भारी



जानकारी के मुताबिक पुलिस की इसी खामियों और घोरलापरवाही का बेजा फायदा उठाते हुए 29 मार्च को जहर खुरानी के बाद से अपना ईलाज पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में करा रहा धारा 363, 366, 376 भादवि एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 का अरोपी जयसिंह स्वस्थ्य होते ही चंपत हो गया। जिसे घटना के पंद्रह दिन बाद अब गिरफ्तार कर कुकदुर पुलिस न सिर्फ अपनी पीठ थपथपा रही है बल्कि फूली नहीं समा रही है।

# बस स्टैंड कवर्धा में लाठी, डंडा से मारपीट करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा के बस स्टैंड में बीते दिनो घटित मारपीट एवं आपराधिक कृत्य की घटना पर कवर्धा पुलिस ने कार्यवाही की है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक विधि विरुद्ध संघर्षरत नाबालिग बालक भी शामिल है। गौरतलब है कि गत 30 दिसम्बर को बस स्टैंड कवर्धा स्थित सुलभ शौचालय के पास चाय-नाश्ता दुकान के सामने आरोपियों द्वारा लाठी, डंडा एवं लकड़ी से पीड़ितों के साथ मारपीट की गई तथा मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई थी एवं सोशल मीडिया में उक्त घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित की रिपोर्ट पर तत्काल थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 542/2025 धारा 119, 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना कवर्धा, थाना कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की शीघ्र पहचान एवं गिरफ्तारी सुनिनिश्चित की गई। कबीरधाम पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए प्रकरण में संलिप्त एक विधि विरुद्ध संघर्षरत नाबालिग सहित कुल तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया। जिसमें आरोपी यशवंत मरावी पिता स्व. कुलूम मरावी, उम्र 23 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 27 रेवाबंद, तलाब के पास, कवर्धा, शिवकुमार मरावी पिता स्व. कुलूम मरावी, उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 27 रेवाबंद, तलाब के पास, कवर्धा तथा एक विधि विरुद्ध संघर्षरत नाबालिग बालक शामिल है। प्रकरण के दोनों वयस्क आरोपियों को 31 दिसम्बर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से माननीय न्यायालय द्वारा उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं नाबालिग आरोपी के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत पृथक वैधानिक कार्यवाही करते हुए किशोर न्याय बोर्ड के आदेशानुसार उसे पर्यवेक्षण एवं अभिरक्षा में रखा गया है।



# शाकंभरी महोत्सव एवं माता सावित्री बाई फुले जयंती समारोह 3 को

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सहसपुर लोहारा विकासखंड के पटेल समाज द्वारा आगामी 3 जनवरी को भव्य शाकंभरी महोत्सव एवं माता सावित्री बाई फुले जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और वे इसकी तैयारियां जोरों से कर रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए पटेल समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष परदेशी पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष (लोहारा) अशोक पटेल करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथियों के रूप में राजनांदगांव-कवर्धा सांसद संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, लोहारा राज के राजा खड्गराज सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष (लोहारा) संतोष मिश्रा उपस्थित रहेंगे। श्री पटेल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत 3 जनवरी को स. लोहारा स्थित पटेल भवन नया बस स्टैण्ड में सुबह सुबह 10 बजे आरती, 11 बजे कलश शोभा यात्रा तथा दोपहर 1 बजे मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि यह आयोजन पटेल समाज की संस्कृति और गौरव को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा, माता शाकंभरी की कृपा और देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समस्त पटेल समाज इस उत्सव को धूमधाम से मनाने जा रहा है।



# पेंशन एसोसिएशन ने आयोजित किया कार्यक्रम

- कवर्धा स्थित बापू की कुटिया में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नववर्ष की पहली तारीख 1 जनवरी को पेंशन एशोसिएशन कबीरधाम के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय बापू की कुटिया में किया।

इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर नववर्ष की बधाई दी। तत्पश्चात पेंशनों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई साथ ही साथ संगठन को सुदृढ़ बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर पेंशनरों के वरिष्ठ सदस्य एवं प्रख्यात कवि गणेश सोनी प्रतीक का सम्मान तिलक लगाकर एवं मोमेंटो भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में गणेश सोनी द्वारा स्वयं द्वारा बनाए गए भगवान श्री कृष्णा एवं भोरमदेव मंदिर का चित्र सदस्यों को भेंट किया। बैठक में एसोसिएशन ने जानकारी दी की ऐसोसिएशन की अगली बैठक 15 दिन के बाद आयोजित की जाएगी। जिसमें एसोसिएशन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी और आगामी कार्ययोजना बनाई जाएगी। मिलन समारोह में संरक्षक डॉ नरेश कुमार यदु, विजय सिंह ठाकुर अध्यक्ष, दिलीप सिंह ठाकुर सचिव, राम सागर कौशिक कोषाध्यक्ष, सहसचिव केके गुप्ता, प्रकाश देवांगन, पीआर यादव, रमेश कुमार साहू, गणेश ठाकुर, दिनेश साहू सुरेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

# नववर्ष पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा नगर सहित समूचे जिले में वर्ष की विदाई और नववर्ष का स्वागत लोगों ने अपने-अपने ढंग से किया। युवा वर्ग जहां 31 दिसम्बर की रात धमाल मचाते रहा वहीं बड़े बुजुर्ग विभिन्न धार्मिक स्थलों और घरों में पूजा-पाठ की तैयारियों में जुटे नजर आए। नगर के युवाओं ने 31 दिसम्बर की मध्य रात्रि में जैसे ही घड़ी ने 12.00 बजे का संकेत दिया जमकर आतिशबाजी की और नववर्ष 2026 का भव्य स्वागत करते हुए एक दूसरे को नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। नववर्ष 2026 के पहले दिन नगर सहित अंचल के मंदिरों में लोगों की खासी भीड़ देखी गई। खासकर अंचल के प्रसिद्ध पर्यटन व धार्मिक आस्था के केन्द्र भोरमदेव मंदिर, जलेश्वर महादेव घाट मंदिर, कवर्धा नगर के मां विंध्यवासनी मंदिर, काली मंदिर महामाया मंदिर सहित अन्य मंदिरों में बड़ी संख्या में महिला, पुरूष तथा युवाओं ने पहुंचकर अपने नए साल की शुरूआत भगवान की पूजा अर्चना के बाद उनसे आशीर्वाद प्राप्त की। यहां सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों की भीड़ देखने को मिली। इसके अलावा नगर के मंदिरों में भी अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। इसी प्रकार युवाओं की टोलियों ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के तहत भोरमदेव, सरोधा जलाशय, रामचुवा, पचराही, चिल्फीघाटी, कान्हा सहित दूसरे पर्यटन स्थलों में पहुंचकर नए साल का जश्न मनाया।



### जलेश्वर महादेव घाट में पूजा अर्चना

पांडातराई से लगे हुए डोंगरिया महादेव घाट में नए वर्ष के अवसर पर प्रातः 4:00 बजे से ही लोग दर्शन पूजा अर्चना करने पहुंचने लगे जो की देर रात तक चलता रहा महादेव प्रांगण स्थल में तरह-तरह की दुकानें सजी हुई थी जिसमें लोगों ने जमकर खरीदी का लुफ्त उठाया स्वयंभू भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने जलेश्वर महादेव में काफी दूर-दूर से लोग आते रहते हैं एवं डेली रात्रि में श्रद्धालुओं के द्वारा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार हुआ आरती पूजन शाम 7:00 बजे किया जाता है

**जिला कार्यालय में आयोजित की गई राजनैतिक दलों की बैठक**

# विशेष गहन पुनरीक्षण की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 में दिए गए निर्देशानुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पण्डरिया एवं कवर्धा द्वारा आज मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित कर आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों को अवगत कराते हुए प्राप्त दावा-आपत्ति की जानकारी दी गई। अब तक विधानसभा क्षेत्र 71-पण्डरिया में 114 फार्म-6, 0 फार्म-7 एवं 35 फार्म-8 तथा विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा में 170 फार्म-6, 02 फार्म-7 एवं 42 फार्म-8 प्राप्त हुआ है।

बैठक में बताया गया कि वे सभी नागरिक जिनकी उम्र अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष अथवा ज्यादा हो वे सभी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फार्म-06 में आवेदन कर सकते हैं। फार्म-07 में मतदाता सूची से नाम विलोपन के लिए एवं फार्म-08 में स्थानांतरण, संशोधन, डुप्लीकेट ईपिक एवं विकलांगता का चिन्हांकन के लिए आवेदन किया जा सकता है। आवेदक फार्म में मोबाईल नंबर एवं ई-मेल का उल्लेख करते हुए आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त नागरिक स्वयं अपने मोबाईल में वोटर हेल्पलाईन मोबाईल एप से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा आयोग के वेबसाईट से अथवा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में दावा-आपत्ति कर सकते हैं।बैठक में बताया गया कि जिले में नो मैपिंग के 3702 मतदाता है, जिनमें से 592 का ऑनलाईन नोटिस जनरेट किया जा चुका है एवं शेष का ऑनलाईन नोटिस जनरेट किया जा रहा है। नो मैपिंग वाले मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से नोटिस की तामिली किया जाएगा। नोटिस के बाद मतदाताओं से प्राप्त दस्तावेज को बीएलओ द्वारा ऑनलाईन अपलोड किया जाएगा। तार्किक विसंगतियों के जिले में कुल 238161 प्रकरण है। जिसमें दर्शाए गए त्रुटि अनुसार बीएलओ घर-घर जाकर दस्तावेज संकलित करेंगें जिसे ऑनलाईन अपलोड किया जाएगा।



# मुख्यमंत्री साय व केंद्रीय मंत्री शेखावत ने भोरमदेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नववर्ष के प्रथम दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री शगजेन्द्र सिंह शेखावत ने ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया।

उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद संतोष पांडेय, विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नीलू शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री के भोरमदेव मंदिर परिसर में आगमन पर पारंपरिक नर्तक दल "पुरखा के सुरता" द्वारा कर्मा नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। लोक संस्कृति की झलक ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। मुख्यमंत्री श्री साय एवं केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं का अभिवादन कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात सभी अतिथियों ने परिसर स्थित हनुमान मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर और भैरव बाबा मंदिर में भी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



## खबर संक्षेप

### घोरपेंड्री में आज मनाया जाएगा बाबा गुरूघासी दास जयंती समारोह



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम घोरपेंड्री में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 2 जनवरी को बाबा गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामकुमार भट्ट जिला पंचायत सदस्य एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र जिला पंचायत सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती ममता विजय शुक्ला, दिनेश कोसरिया, श्रीमती अंबिका गोलू सोनवानी, रामकुमार बंजारे, चंद्रभान गायकवाड, सुखचैन भास्कर, राधेलाल भास्कर, श्रीमती दूरपति ईश्वर चंद्राकर, सरपंच नोहर प्रसाद कुर्रे, उप सरपंच सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होगें। कार्यक्रम के आयोजक संजय दिवाकर भंडारी ने जानकरी देते हुए बताया कि 2 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे ध्वजा रोहण तथा पंथी कार्यक्रम आयोजन होगा, वहीं रात्रिकालीन सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी लोक मंच खपरी नवागढ़ की शानदार प्रस्तुति 10:00 बजे से किया जाएगा। जिस पर आसपास क्षेत्र के समस्त सतनामी समाज व ग्राम पंचायत घोरपेंड्री वासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

### घासीदास जयंती मनी

**सड़क अतरिया।** ग्राम कुकुरमुडा में बुधवार को समाज एवं ग्रामीणों ने गुरू घासीदास जयंती उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, सभापति डोमार सिंह भेड़िया, सरपंच संतोष यदु, राजकुमार साहू शामिल हुए। अतिथियों ने घासी दास के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया। जैत खाम पर ध्वजारोहण किया। अतिथियों ने बाबा के आदर्श, समर्पण, विचार, सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने प्रेरित किया।

### समाज को संगठित करने पर जोर

**डोंगरगढ़।** परिक्षेत्रीय साहू समाज चारभाटा की बैठक में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू शामिल हुए। बैठक में उन्होंने बताया कि आगामी सात जनवरी को राजिम महोत्सव का आयोजन राजिम में होना। उन्होंने सामाजिक जनों से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने कहा। श्री साहू ने कहा कि पदाधिकारी एक बात है और बनने के बाद जमीन स्तर पर कार्य करना कठिन है लेकिन समाज को संगठित करना सबका कर्तव्य है इसलिए तहसील स्तर पर पारिवारिक संगोष्ठी प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमें प्रत्येक परिवार से मिलने का अवसर मिलेगा। इस संगोष्ठी के माध्यम से हमें युवक युवतियों के साथ बैठने का अवसर प्राप्त होगा।

# सनकपाट व खरहट्टा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एक दिवसीय कवर्धा जिला दौरे पर रहे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने मां नर्मदा दर्शन कर मध्यप्रदेश होते हुए छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश बॉर्डर स्थित ग्राम भेलकी पहुंचे। भेलकी में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर आदिवासी परंपरा के अनुरूप बैगा नृत्य के साथ फूल-मालाओं एवं जयघोष के बीच उनका अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ग्राम सनकपाट एवं खरहट्टा में आयोजित संत गुरु घासीदास बाबा की जयंती समारोह में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम गुरु घासीदास बाबा के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं जैतखाम पर विधिवत दर्शन पूजन के साथ की गई। इस अवसर पर श्री बघेल ने क्षेत्रवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होने अपने उद्बोधन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंच से उपस्थित समस्त जनसमुदाय को नव वर्ष-2026 की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नये वर्ष सभी के जीवन में भाईचारा, सामाजिक समरसता और खुशहाली लेकर आए। श्री बघेल ने गुरु घासीदास बाबा के संघर्षपूर्ण जीवन को स्मरण करते हुए कहा कि बाबा गुरूघासीदास ने घोर सामाजिक विषमताओं के बीच सत्य, अहिंसा और समानता का दीप जलाया, मनखे-मनखे एक समान का उनका महान संदेश आज भी समाज को जोड़ने का सबसे मजबूत सूत्र है, अन्याय, भेदभाव और ऊंच-नीच के विरुद्ध जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

उन्होंने सभी से गुरु घासीदास बाबा के बताए सत्य के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि सतनामी समाज ने सदैव सामाजिक चेतना, शिक्षा और समान अधिकारों की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को मजबूत करने में इस समाज का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से गुरु घासीदास बाबा के विचारों को सामाजिक और संवैधानिक अधिकारों का स्वरूप दिया। दोनों महापुरुषों का उद्देश्य एक ही था एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और सम्मानपूर्ण समाज की स्थापना।

उन्होने कहा कि वर्तमान भाजपा की सरकार में गुड़ा-गर्दी आम बात हो गई है, छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। इस सरकार से किसान परेशान है साथ ही बिजली का बिल सर दर्द साबित हो रहा है। इस विशाल आयोजन में पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, नीलकंठ चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष होरीराम साहू, लालजी चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा चंद्राकर, वीरेंद्र जांगड़े, सुधांशु बघेल, रवि चंद्रवंशी, महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, दिनेश कोशरिया, गुरुदत्त शर्मा, गौतम शर्मा, मनीष शर्मा, आनंद सिंह, ललित धुर्वे, बबूलाल साहू, रमेश राठौर, रमेश मरावी, वैभव ठाकुर, सुजल ठाकुर, आशीष साहू, रवि मानिकपुरी, रामकुमार गायकवाड़, मुकेश संवरा, सुजीत कुंभकार, सुरेश चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, सुभाषपुरी गोस्वामी, सहित हजारों की संख्या में सतनामी समाज के लोग, समाज के जनप्रतिनिधि, सामाजिक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जन उपस्थित थें।





### गुरु घासीदास बाबा केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने सत्य, मानवता और समानता के मूल्यों को समाज की आत्मा बनाया। श्री जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा गुरु घासीदास बाबा और बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के विचारों को अपनी नीतियों और कार्यो का आधार माना है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सामाजिक न्याय, किसानों, मजदूरों, युवाओं और वंचित वर्गो के लिए ऐतिहासिक कार्य किए गए। सतनामी समाज सहित सभी वर्गो के सम्मान और विकास के लिए निरंतर प्रयास किए गए, जिस पर प्रदेश की जनता का अटूट विश्वास है।

# देवी की भक्ति के साथ नए साल की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नए साल के पहले दिन मां बम्लेश्वरी के दरबार सहित चंद्रगिरि तीर्थ, प्रज्ञागिरि में बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे। वहीं आसपास के बांध में पिकनिक मनाने वाले लोगों की भीड़ देखने मिली।

साल के पहले दिन लोगों ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के अलावा करेला भंडारपुर मंदिर में जाकर देवी दर्शन किया। लोगों ने पनियाजोब जलाशय, हाजराफाल में उपस्थिति दर्ज कराकर नये साल का आनंद उठाया। 31 दिसंबर की शाम से लोगों का आना शुरू हो गया था। एक जनवरी तक लगभग 1 लाख दर्षनार्थी पहुंचे। सुबह आठ से दोपहर 2 बजे तक लगभग 70 हजार दर्षनार्थियों ने मां बम्लेश्वरी के दरबार पहुंचकर देवी दर्शन किया। देर रात तक यहां आने वालों की संख्या में और बढ़ेगी।



### दर्शनार्थियों की संख्या घटी

आंकड़ों के अनुसार इस बार मां बम्लेष्वरी के मंदिर में लगभग 50 हजार दर्षनार्थी कम आए। माना जा रहा है कि नये साल के पहले सप्ताह में लगभग 3 लाख दर्शनार्थी पहुंच सकते है।

### डंगबोरा जलाशय में सफाई अभियान

पिकनिक स्पॉट के रूप में प्रसिद्ध डंगबोरा जलाशय पर प्रतिदिन 4 से 5 सौ लोगों का आना जाना रहता है। शनिवार, रविवार तथा छुट्टी के दिन हजारों में पर्यटक यहां पहुंचकर पिकनिक स्पॉट का आनंद लेते हैं जिसे ध्यान में रखते हुए ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने साथियों के साथ जाकर साफ सफाई किया। सफाई अभियान में कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, दीनूराम पड़ोती सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### वनांचल में नए साल का स्वागत

**खड़गांव।** गुजरते साल की बिदाई और नए साल का क्षेत्र में ज़ोर शोर से स्वागत किया गया। इस मौके पर नए वर्ष में कुछ नया करने पर विचार किया गया। नए वर्ष के पहले दिन तहसील आफिस को नई जगह पर स्थानांतरित किया गया। इस मौके पर आमजन, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। समाजसेवी नीलिमी जैन ने अपनी सुपुत्री का जन्मदिन पर स्कूलों में जाकर मिठाई वितरण किया। उन्होंने छात्र छात्राओं से पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। क्षेत्र के बच्चों ने पिकनिक स्पॉट में जाकर नए वर्ष का स्वागत किया। वहीं कुछ लोगों ने मंदिर में जाकर दर्शन किया। कुछ बच्चों ने खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया।

### चोरड़ाधाम में रही रौनक

**सड़क अतरिया।** अंचल का प्रमुख धार्मिक स्थल चोरड़ाधाम में गुरूवार को नए वर्ष के मौके पर पर्यटकों से गुलजार रहा। सुबह से यहां लोगों से रौनक रही। क्षेत्र सहित दूर दराज के लोग यहां नव वर्ष मनाने पहुंचे थे। काफी लोगों ने साल के पहले दिन जल कुंड में स्नान कर डोंगेश्वर महादेव की पूजा अर्चना किया। शिव भक्तों शिवलिंग पर जल अभिषेक कर दूध, फल, फूल, धतुरा, बेल पत्र आदि अर्पण कर आशीर्वाद लिया। कुछ लोगों ने शीतल जल कुंड में स्नान कर शिव की अराधना किया।

### कच्ची सड़क से परेशानी

चोड़राधाम पहुंचने के लिए बनी कच्ची सड़क ने लोगों को परेशानी में डाला। ज्ञात हो कि साल्हेवारा नर्मदा मार्ग से चोड़राधाम को जोड़ने वाली सड़क का पक्की करण की मांग लगातार हो रही है। लंबे समय से इस मार्ग को पक्का बनाने का आश्वासन मिल रहा है किन्तु अब तक जस के तस है। इस मार्ग पर अनगिनत गड्ढा है।

### देर रात तक सजी सुरों की महफिल

डोंगरगांव। चालू साल की बिदाई और आने वाले साल के स्वागत में शहर संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 31 दिसंबर को गरबा मैदान में देर रात तक सुरीले सुरों की सरि ता प्रवाहित होते रही। साल 2025 की बिदाई और आगम वर्ष 2026 के स्वागत को यादगार बनाने के लिए राम इंटरप्राइजेस के सहयोग से शहर में संगीतमय ए शाम मस्तानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# नये वर्ष के दिन मंदिर परिसर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़




- नये वर्ष में क्षेत्र के भक्तजन व श्रद्धालु श्री पंचदेव मंदिर पहुंचकर दर्शन और आर्शीवाद प्राप्त की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

नये वर्ष 2026 में नई सोच के साथ धार्मिक पर्यटन स्थलों तथा मंदिरों में सभी देवी-देवताओं की दर्शन करने के लिए श्रद्धा के साथ श्री पंचदेव मंदिर पहुंचकर आर्शीवाद प्राप्त किया। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सारंगपुर खुर्द श्री पंचदेव मंदिर जहां श्रद्धालु एवं भक्तों द्वारा विशाल श्री पंचदेव मंदिर का निर्माण कराया गया, जो कि पर्यटन और धार्मिक स्थल का केंद्र बन चुकी है। जिले में अलग पहचान जहां नये वर्ष में नई सोच लेकर बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के भक्तजन श्री पंचदेव मंदिर पहुंचकर श्रीराम दरबार, श्री हनुमान दरबार, श्री शिव दरबार व विराजमान देवी-देवता की नये वर्ष में चरण छूकर आर्शीवाद व आरती कर तथा श्रीफल भेंटकर नए वर्ष के लिए आर्शीवाद प्राप्त किया ताकि नये वर्ष आपकी मनोकामना सिद्ध हो सके। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सारंगपुर खुर्द में श्री पंचदेव मंदिर विशाल रूप में निर्माण कराया गया है जो कि जगन्नाथ मंदिर के तर्ज पर स्थित है। वहीं मंदिर परिषर के आसपास हरियाली, मनोरंजन के लिए गार्डन, पेड़-पौधे और स्वच्छ वातावरण स्थित है। वहीं नये वर्ष पर नए वर्ष के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु व भक्तजन पहुंचकर नई वर्ष के लिए आर्शीवाद प्राप्त की।

# पिपरिया महाविद्यालय में अत्याधुनिक वाचनालय का हुआ भव्य अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

महंत श्री रामजानकी शरणदास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में अत्याधुनिक वाचनालय (रीडिंग रूम) का उद्घाटन मुख्य अतिथि कमलकांत नाविक जन भागीदारी अध्यक्ष एवं जन भागीदारी सदस्यों व प्राचार्य डॉ एस के श्रीवास की उपस्थिति में किया गया। इस वाचनालय में छात्र-छात्राओं की बैठक व्यवस्था हेतु 50 सीटों की उचित व्यवस्था एवं अत्याधुनिक सुविधा हेतु ऑनलाइन इंटरनेट कम्प्यूटर सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन कोर्स एवं विषय पाठ्यक्रम का अध्ययन करने हेतु 15 कम्प्यूटर की व्यवस्था कि गई है। वही महाविद्यालय के ग्रंथालय में विषयगत 10 हजार एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु अलग से पुस्तक एवं पत्रिकाएं उपलब्ध है। जिससे विद्यार्थी पाठ्यक्रम अध्ययन के साथ नेट-सेट, व्यापम, पीएससी, एसएससी, बैंकिंग आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। यह शिक्षण व्यवस्था विद्यार्थियों के अध्ययन के क्षेत्र में एक नई दिशा आधुनिक अध्ययन का अवसर प्रदान करेगा। उक्त कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक सत्येंद्र चंद्रवंशी ग्रंथालय प्रभारी, जीवन मरकाम सहायक ग्रंथालय प्रभारी, बृजभूषण वर्मा सहायक प्राध्यापक, सी आर साहू, डॉ ममता दुबे, डॉ सरस्वती राठौर, श्रीमती नंदनी टंडन, चंद्रप्रकाश सोनी, सत्यम, प्रकाश चंद्रवंशी, विकास झारिया, खिलेश्वर चंद्रवंशी व समस्त प्राध्यापक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।



# पेण्ड्रीकला में गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती मनाई

- बाबा गुरूघासी दास की संदेश को जन जन तक पहुंचा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पेण्ड्रीकला में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती राजेश्वरी महेन्द्र घृतलहरे जिला पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर तथा छत्रकिशोर सानू तिवारी उपाध्यक्ष उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा जैतखम्भ की विधि विधान पूजा अर्चना तथा पंथी कलाकारों द्वारा बाबा गुरु घासीदास के सामाजिक समरसता, सत्य और अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रभावशाली सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें मनखे-मनखे एक समान पंथी नृत्य के माध्यम से बाबा गुरु घासीदास के जीवनी पर प्रकाश डाला तथा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति नृत्य के माध्यम से जन-जागरूक किया। मुख्य अतिथि श्रीमती राजेश्वरी महेन्द्र घृतलहरे ने ग्राम पेण्ड्रीकला में जैतखंभ निर्माण एवं एक बोर खनन हेतु राशि स्वीकृत करने की घोषणा की, जिससे ग्रामीणों में हर्ष का वातावरण रहा। कार्यक्रम में सरपंच सरिता अजय चंद्राकर, उपसरपंच सुकृता मनोज चंद्राकर, डॉ प्रदीप चंद्राकर, मनहरण, कपिल चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, संतोष भास्कर, हरेंद्र चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। साथ ही साथ रात्रिकालीन भगवती पात्रे द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहना की।



### श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य ग्राम की सुख-शांति, समृद्धि, गौ-रक्षा एवं विश्व कल्याण रहा

# मोहगांव में शोभा यात्रा के साथ श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

धर्म नगरी ग्राम मोहगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन ब्राम्हणों एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया, यह महायज्ञ 23 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया गया। श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य ग्राम की सुख-शांति, समृद्धि, गौ-रक्षा एवं विश्व कल्याण रहा। इस महायज्ञ में यज्ञाचार्य पं लक्ष्मी निवास पांडेय, ग्रामाचार्य हरिप्रसाद पाठक, यज्ञ संचालक चंद्रभूषण प्रसाद पाठक, लक्ष्मी नारायण पांडेय, रमा निवास पांडेय, जग निवास पांडेय सहित अनेक विद्वान आचार्यो का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ के प्रवक्ता पं अरुण दुबे, पं कर्ण तिवारी, पं हलधर प्रसाद शर्मा, पं आनंद उपाध्याय एवं सुश्री विद्या दुबे द्वारा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक भावपूर्ण कथाओं का वाचन किया गया, जिसे सुनकर आसपास के श्रद्धालु व भक्तजन भाव-विभोर हो उठे। भक्तजनों तथा श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर अपनी मनोकामनाओं की कामना की। बताया जाता है कि आयोजन समिति द्वारा प्रतिदिन भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

वहीं रात्रिकालीन कार्यक्रमों में भव्य कृष्ण लीला एवं आकर्षक झांकियों का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ के समापन अवसर पर महिलाओं द्वारा भव्य नगर भ्रमण कर शोभा यात्रा रैली निकाली गई, जो यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर पूरे ग्राम मोहगांव में भ्रमण करती हुई निकाली गई, जिस पर महिलाओं द्वारा उत्साहपूर्ण भागीदारी ने समापन समारोह को विशेष रूप से आकर्षक बना दिया। इस शोभा यात्रा के साथ श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का शांतिपूर्ण एवं सफल समापन हुआ। इस आयोजन में ग्रामवासियों सहित कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्जुन चंद्रवंशी, रमेश केशरवानी, मोचन चंद्रवंशी, रामविलास चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी, गजपति चंद्रवंशी, महाजन चंद्रवंशी, लाल यादव, नरेश यादव, जैन चंद्रवंशी सहित समस्त ग्रामवासी मोहगांव का विशेष योगदान रहा।



### मक्के में विद्यार्थियों को कराया गया न्योता भोज



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में छात्र छात्राओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में न्योता भोजन परंपरा की शुरूआत किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज व शालाओं के मध्य आपसी संबंध व ताल-मेल स्थापित करना है, न्योता भोजन में शाला परिवार व सामाजिक गणमान्य नागरिकों द्वारा छात्र-छात्राओं को पोषण आधार आहार प्रदान किया जाना है, जिसे विद्यार्थियों को एमडीएम के साथ-साथ अन्य पोषण आहार प्राप्त हो। इस न्योता भोज के तहत नये वर्ष के अवसर पर प्रधान पाठक ने सभी छात्र छात्राओं को पूड़ी-सब्जी और मिठाई खिलाया गया और साथ में केक काटकर बच्चों को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। जिसमें प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल खांडे, युगल साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू तथा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू तथा शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, रसोईया एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थें।